सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5544	23.09.2019	24.09.2019	**Basti Uttar Pradesh**	www.jagran.com/Hindi https://www.jagran.com/uttar-pradesh/basti-event-19606757.html
Title:	**Two deaths due to brain fever in district Basti, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- **Basti,** SSU-**Uttar Pradesh**			

परशुरामपुर विकास खंड के खेमराजपुर गांव में दिमागी बुखार से दो बच्चों की मौत का मामला सामने आया है। गांव में आधा दर्जन से अधिक लोग बुखार से पीड़ित हैं। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परशुरामपुर के चिकित्सकों की टीम ने गांव में बुखार पीड़ितों की जांच कर रक्त के नमूने लिए और क्लोरीन की गोली बांटी।

खेमराजपुर गांव की किजल (7) व राधिका (4) पुत्री महेश मौर्य की शनिवार को दिमागी बुखार की वजह से मौत हो गई। महेश ने बताया कि 17 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परशुरामपुर अपने परिवार से चार सदस्यों को ले गए थे। चिकित्सक ने बिना जांच के ही साधारण दवा दे दी। जिससे स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो किजल और राधिका को स्थानीय बाजार में निजी चिकित्सक के यहां ले गए। शनिवार को दोनों का बुखार इतना तेज हो गया कि वह बेहोशी की स्थिति में आ गईं। तत्काल अयोध्या स्थित श्रीराम चिकित्सालय ले गए।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

शनिवार की सुबह राधिका की मौत हो गई। चिकित्सकों ने किजल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसे जिला अस्पताल फैजाबाद न ले जाकर एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां शनिवार को देर शाम उसकी भी मौत हो गई। महेश मौर्य ने बताया कि अयोध्या में चिकित्सक ने दोनों बच्चों को दिमागी बुखार होने की बात कही थी। खेमराजपुर गांव में अंशिका (12 वर्ष) आंचल (9), ज्ञानमती (28), आरुषि (7) प्रतिज्ञा (5) समेत आधा दर्जन से अधिक लोग बुखार से पीड़ित हैं।

गांव में टीम के साथ गया था, बुखार पीड़ितों की रक्त का नमूना लिया गया। जांच के लिए उन्हें अस्पताल बुलाया गया है। जहां तक दो बच्चियों की दिमागी बुखार से मौत की बात है तो अब उनकी कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। जिससे दिमागी बुखार की बात साबित हो।